# राज्यपाल पटेल ने एंबुलेंस एवं ब्लड बैंक की सौगात दी

## सिकल सेल रोग के उन्मूलन के लिए उपचार के साथ-साथ जनजागरूकता भी जरूरी : राज्यपाल पटेल

नवभारत न्यूज

**खरगोन, निप्र ।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने रविवार को खरगोन के झिरन्या में सिकलसेल शिविर के दौरान ब्लड बैंक का शुभारंभ करते हुए स्वास्थ्य विभाग को दो नवीन एंबुलेंस और एक शव वाहन प्रदान किया है। कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल श्री मंगूभाई पटेल ने जनजाति समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक सिकलसेल बीमारी के उन्मूलन का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस लक्ष्य को पाने के लिए मरीजों के उपचार के साथ-साथ जनजागरूकता भी अत्यंत आवश्यक है। राज्यपाल श्री पटेल ने रंजना एवं संजना को सिकलसेल प्रमाण पत्र प्रदान किये। वहीं क्षय रोगी थावली बाई व बिल्लोर को फूड बास्केट भेंट की। कार्यक्रम में पंधाना की विधायक छाया मोरे, खरगोन विधायक बालकृष्ण पाटीदार, महेश्वर विधायक राजकुमार मेव, जिला भाजपा अध्यक्ष नंदा ब्राह्मणे, कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल एवं पुलिस अधीक्षक रवींद्र वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद थे।





**धरती आबा के तहत जनजाति क्षेत्रो में विकास लगातार:-** राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि 'प्रधानमंत्री जनमन योजना' के तहत भी जनजाति बहुल क्षेत्रों में विकास कार्य लगातार जारी हैं। 'धरती आबा ग्राम उत्कर्ष योजना' के तहत जनजातीय क्षेत्रों में विभिन्न विकास कार्य कराए जा रहे हैं। यह कार्यक्रम जनजातीय क्षेत्र के ग्रामों के लिए वरदान सिद्ध हुआ है। राज्यपाल श्री पटेल ने इस अवसर पर कहा कि टीबी रोग का बेहतर उपचार अब उपलब्ध है। मरीज यदि 6 माह तक नियमित रूप से दवाई ले, तो टीबी रोग ठीक किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सिकलसेल रोग अनुवांशिक रोग है। इसकी जांच गर्भावस्था में भी संभव है। बच्चों के गर्भावस्था के दौरान भी सिकल सेल रोग का उपचार प्रारंभ किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि 'सिकलसेल मित्र' इस बीमारी के मरीजों की मदद में सराहनीय कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि सभी सिकलसेल मरीजों के डिजिटल कार्ड बनाए गए हैं। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि एलोपैथिक पद्धति के साथ-साथ आयुर्वेद में भी सिकलसेल रोग का बेहतर उपचार उपलब्ध है। राज्यपाल श्री पटेल ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को भी सुना। राज्यपाल श्री पटेल ने कार्यक्रम स्थल पर स्वास्थ्य विभाग एवं आयुष विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा विकास योजनाओं के प्रदर्शन के लिए लगाए गए स्टाल पर जाकर उपस्थित अधिकारियों से विभागीय गतिविधियों की जानकारी ली। साथ ही राज्यपाल श्री मंगूभाई पटेल ने पल्स पोलियो अभियान के तहत कुमारी आस्था को पोलियोरोधी दवाई पिलाई।

**राज्यपाल पटेल ने मारूगढ़ निवासी कालू के प्रधानमंत्री आवास में बैठकर किया भोजन:-** राज्यपाल पटेल ने रविवार को खरगोन जिले के झिरन्या विकासखंड की ग्राम पंचायत शाहपुर के ग्राम मारूगढ़ निवासी कालू पिता रतन के प्रधानमंत्री आवास में बैठकर भोजन किया। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों को इस अवसर पर शुभकामनाएं दी और बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया। इससे पूर्व सांसद श्री ज्ञानेश्वर पाटिल ने स्वागत संबोधन में कहा कि झिरनिया में 1500 करोड रुपए लागत की उदवहन सिंचाई योजना प्रदेश सरकार ने स्वीकृत की है, जिसके पूर्ण होने पर इस क्षेत्र के किसानों के जीवन में खुशहाली आएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से विकास कर रहा है। केंद्र और राज्य सरकार मिलकर गरीबों के कल्याण के लिए दिन-रात काम कर रही हैं, जिससे समाज के सबसे पिछड़े वर्ग तक सरकार की योजनाएं पहुंच रही हैं और गरीबों के जीवन में खुशहाली आ रही है।

## सम्पूर्ण जिले में संपादित पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ

**खरगोन, निप्र ।** सम्पूर्ण जिले में संपादित पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ विकासखंड झिरन्या में प्रदेश के माननीय राज्यपाल मंगू भाई पटेल जी द्वारा लक्षित आस्था ईश्वर को पोलियो रोधी दवाई पिलाई जाकर किया गया। अभियान के प्रथम दिन जिले में 255093 बच्चों को पोलियों रोधी दवाई पिलाने के लक्ष्य के अंतर्गत समाचार लिखे जाने तक 177624 .बच्चों को पोलियों रोधी दवाई गठित 2040 दल के सदस्यों द्वारा पिलवाई गई। आगामी दो दिवस में जिले के समस्त घरों पर दल द्वारा दस्तक दी जाकर छुटे हुए बच्चों को पोलियों रोधी दवाई पिलाई जाकर सुरक्षित किया जावेगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ दौलत सिंह चौहान द्वारा समस्त समुदाय से अभियान की सफलता एवं सहयोग के लिए अपील की जाती हैं ।जिले के विकासखंड झिरन्या में आयोजित कार्यक्रम में समारोह स्थल पर विभाग द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं के विभिन्न स्टॉल लागए जाकर समुदाय को जागरूक किया गया एवं स्वास्थ्य सेवा संदेशो का प्रदर्शन किया गया -रविवार दिनांक 28 जून 2026 को महामहिम राज्यपाल महोदय मंगू भाई पटेल द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झिरन्या में 200 यूनिट ब्लड स्टोरेज का लोकार्पण किया गया एवं दानदाताओं के द्वारा रक्तदान भी किया ।क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत 100 दिवसीय टी .बी .मुक्त भारत अभियान में मंच से ही 1 थावली बाई खुमसिंग, 2 .बिलोर लोहारसिंग, को फूड बास्केट वितरण किया गया। सिकलसेल कार्यक्रम अंतर्गत सिकलसेल पेंशन प्रमाणपत्र - रामपाल फुलसिंग, अम्बाडोचर को दिया गया जिसके तहत उन्हें



प्रतिमाह रुपये 600 सहयोग राशि प्राप्त होगी। सिकलसेल दिव्यांगता कार्ड 1. रंजना ताराचंद, 2 संजना ताराचंद शिवना को वितरित किए गए। जिला प्रशासन की ओर से प्राप्त 2 एम्बुलेंस, 1 शव वाहन को हरीझंडी दिखाई गई। आज दिनांक को जिला चिकित्सालय खरगोन में सीएमएचओ- खरगोन, इंदौर, डीएचओ, डीपीएम, डीपीएम - खरगोन आदि की उपस्थिति में सर्विकल एचपीवी वैक्सिन का शुभारंभ सर्विकल कैंसर से बचाव के लिए किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा जानकारी दी गई कि सभी बालिकाएं जिनकी आयु 14 वर्ष की है और जिन्होंने अपना 15 वा जन्मदिन नही मनाया है वे सभी जिले के चिन्हित अस्पताल- जिला अस्पताल खरगोन, सिविल अस्पताल बड़वाह, सनावद, मंडलेश्वर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महेश्वर, कसरावद, भीकनगांव, सेगांव, गोगावां में निशुल्क टिका लगवा सकते है। डॉ दौलतसिंह चौहान द्वारा जिले के समुदाय से अपनी लक्षित आयु की बालिकाओं को कैंसर से सुरक्षा के लिए टिका लगवाने की अपील की है।

## एक नजर में

### गांव -गांव बैठके आयोजित कर दिया जाएगा यात्रा का आमंत्रण



**खरगोन, निप्र।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्रावण मास के पुनीत अवसर पर 9 अगस्त रविवार को पंडित जगदीश ठक्कर के नेतृत्व में शहर में चौरासी महादेव दर्शन यात्रा बड़ी धूमधाम से निकाली जाएगी। यात्रा की तैयारियों को लेकर चौरासी महादेव दर्शन यात्रा समिति की द्वितीय बैठक रविवार को पहाड़ सिंहपुरा के चार रास्ता स्थित श्री शिव मंदिर में आयोजित की गई। समिति के मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र भावसार लाला ने बताया कि प्रेरणास्त्रोत पंडित जगदीश ठक्कर की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि गांव गांव जाकर बैठके आयोजित कर ग्रामीणों को यात्रा का आमंत्रण दिया जाएगा। समिति उपाध्यक्ष मंगलसिंह सोंगर ने कहां कि इस वर्ष यात्रा का 15वां वर्ष होने से यात्रा बड़ी धूमधाम से निकाली जाएगी। यात्रा प्रात: 6 बजे ओरंगपुरा स्थित श्री बड़घाटेश्वर महादेव से प्रारंभ होगी, जो विभिन्न शिवालयों में दर्शन कर संध्याकाल में खरगोन के हृदय स्थल भावसार मोहल्ला स्थित श्री सिद्धनाथ महादेव मंदिर पहुंचेगी, जहां आरती के पश्चात समापन होगा। आभार समिति की महिला प्रभारी श्रीमती निर्मला रघुवंशी ने माना। बैठक में लोकेश गोले व संतोष गुप्ता, प्रतीक गुप्ता व हर्ष ठक्कर, महेंद्र मैना, कैलाश महाजन, जयंत ठक्कर, संतोष रघुवंशी, डॉ सतीश जोशी, गौरव पंडित, विजय दवे, मंजुला रघुवंशी, लक्ष्मी रघुवंशी, ज्योति बाई, चंद्रा रघुवंशी उपस्थित थी।

### 10 दिन इबादत के बाद ताजियों का किया विर्सजन, निकला चल समारोह

**खरगोन, निप्र।** 10 दिन इबादत के बाद मोहर्रम की 11 तारीख को हजरत इमाम हुसैन की याद में बनाए गए ताजियों का विसर्जन जुलूस निकाला गया। शहर के अलग-अलग इलाको से करीब 40 से अधिक ताजिये विसर्जन जुलूस में शामिल हुए। देरशाम ताजियों का विसर्जन जुलूस निकाले जाने का दौर शुरु हुआ, जिसके बाद कारवां बढ़ता गया। मोहर्रम कमेटी सदस्यों ने बताया नवासों की याद में बनाए गए नक्कासीदार और आकर्षक ताजियों का जुलूस शाम करीब 5 बजे शुरू होकर देररात तक जारी रहा। धर्मावलंबियों ने लोभान व रेवड़ी चढ़ाकर ताजियों की जिआरत की। पूरी रवायत और शिद्दत के साथ ताजियों का विसर्जन किया। इसमें शहर के तलाई का बड़ा मन्नतों का ताजिया, रामेश्वर टॉकिज, इमामबाडा कुम्हारवाडा, अल्लाहवाला मार्ग, रंगरेजवाडी सहित विभिन्न मोहल्लों के 40 से अधिक ताजिये शामिल थे। करीब 6 बजे सभी ताजिये शहर के मुख्य मार्गों पर पहुंचे। कव्वालियों से अगवानी की गई। डीजे पर बज रही कव्वालियों के बीच युवा या हुसैन के नारे लगा रहे थे। ताजियों के चल समारोह में सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस मुस्तैद रही। सुरक्षा व्यवस्था में 300 से पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी, वहीं सीसीटीवी कैमरो के साथ ही ड्रोन से निगरानी रखी जा रही थी।

### निमाड़ बैंक के पूर्व कर्मियों का मिलन समारोह, पुरानी यादें ताजा कीं

**खरगोन, निप्र ।** निमाड़ क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक में 1983 से 1991 के बीच बैंक में अपनी सेवाएं देने वाले सेवानिवृत्त बैंक कर्मियों का एक मिलन समारोह शहर के रेवा न्यास मांगलिक परिसर में आयोजित किया गया। इस समारोह में 200 से अधिक पूर्व अधिकारी . कर्मचारी शामिल हुएए जिन्होंने अपने सेवाकाल की पुरानी यादों को ताजा किया और एक .दूसरे के साथ अपने अनुभव को साझा किया। कार्यक्रम को लेकर वरिष्ठजनों में उत्साह नजर आया। एक .दूसरे से मिलकर सभी के चेहरे खिल उठे। कई कर्मचारी दशकों बाद एक .दूसरे से मिलेए जिससे माहौल भावुक और उत्साहपूर्ण हो गया। कुछ लोग एक दूसरे को पहचानने का प्रयास भी करते रहे। उपस्थित वरिष्ठजनों ने बैंक की स्थापना से लेकर उसके क्रमिक विकास तक के सद्वक्तर को याद किया। उन्होंने बताया कि कैसे उन्होंने अपने सेवाकाल के दौरान विभिन्न चुनौतियों का सामना किया और किस प्रकार सहकर्मियों के सहयोग से उनका समाधान किया। इस अवसर पर 70 से अधिक साथियों का सम्मान एवं विभिन्न यूनियनों के माध्यम से बैंक कार्मिकों की समस्यों का निदान करने वाले लीडर्स का भी सम्मान किया। उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके योगदान को सराहा गया। इस दौरान मधुर गीत भी गुनगुना कर अपनी गायकी का प्रदर्शन किया। आयोजक दिलीप जैन, काकासिंह छाबड़ा, प्रयाग सिंह जिराती और दाऊ लाल वर्मा सहित अन्य साथियों ने बताया ऐसे मिलन समारोह का उद्देश्य बैंक के पूर्व कर्मचारियों को एक मंच पर लानाए उनके अनुभव से वर्तमान पीढ़ी को प्रेरणा दिलाना और उनके बीच सौहार्दपूर्ण संबंध बनाए रखना है। सभी उपस्थित पूर्व कर्मचारी इस यादगार आयोजन का हिस्सा बनकर आनंदित दिखे। उन्होंने एक-दूसरे के साथ अपने सुख-दुख बांटे और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों में शामिल होने की इच्छा व्यक्त की। यह मिलन समारोह बैंक के प्रति उनके समर्पण और आपसी सौहार्द का प्रतीक बन गया।

## क्षत्रिय राठौर समाज जिला कार्यकारिणी की बैठक

**सनावद, निप्र ।** जिला मीडिया प्रभारी जगदीश राठौड़ ने बताया विगत 27 जून को सनावद में क्षत्रिय राठौर समाज जिला खरगोन की जिला कार्यकारिणी की साधारण सभा का आयोजन सम्पन्न हुआ। बैठक में जिले की विभिन्न तहसीलों एवं दूरस्थ ग्रामीण अंचलों से जिला पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य एवं समाजजन उत्साहपूर्वक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ समाज के गौरव एवं आदर्श राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। बैठक में मंचासिन अखिल भारतीय तेली महसभा के प्रदेश सचिव लक्ष्मी नारायण राठौड़, सनावद भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष एवं पार्षद समाजसेवी मानसिंह राठौर (बंटी), विश्व हिंदू परिषद के जितेंद्र राठौर, जिला योजना सलाहकार समिति सदस्य ओमप्रकाश राठौर ( पूर्व सरपंच बेड़ियां), रामलाल राठौर, देवराम राठौर तथा पूर्व पार्षद मोहन राठौर (खरगोन) , जिला सचिव श्रीराम राठौर ( रेंजर), सह



कोषाध्यक्ष राजेंद्र (राजू ) राठौड़, वरिष्ठ समाजसेवी सेवक राम राठौड़, हुकुमचंद राठौड़, राजेश राठौड़ (बड़वाह) विशेष रूप से उपस्थित रहे। जिला निरीक्षक विजय राठौर के मार्गदर्शन में समाज द्वारा विगत माह संचालित सेवा एवं जनहितकारी गतिविधियों की जानकारी प्रस्तुत की गई। इसमें हर घर सकोरा अभियान, माँ नर्मदा घाट स्वच्छता अभियान, माँ अन्नपूर्णा रोगी सेवा अभियान, विश्व पर्यावरण दिवस पर सामूहिक स्वच्छता अभियान तथा सामाजिक-आर्थिक जनगणना अभियान के द्वितीय चरण की कार्ययोजना एवं क्रियान्वयन की रूपरेखा विस्तार से समझाई गई। जिला महामंत्री रविन्द्र राठौर ने विभिन्न सामाजिक विषयों पर उपस्थित समाजजनों को अपने विचार रखने एवं सुझाव देने का अवसर प्रदान किया। सामूहिक चर्चा के उपरांत जिला अध्यक्ष मिश्रीलाल राठौर ने सर्वसम्मति से पारित प्रस्तावों की घोषणा की। बैठक में निर्णय लिया गया कि 13 अगस्त को राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर जयंती के अवसर पर जिला मुख्यालय पर कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। साथ ही जनवरी 2027 में जिला मुख्यालय पर विवाह योग्य युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन तथा अक्षय तृतीया पर सनावद में आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। नवदंपत्तियों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए भी विशेष प्रयास किए जाएंगे। बैठक का संचालन संजय राठौर (एल्डरमैन) एवं नरेन्द्र आर. राठौर (पूर्व पार्षद) ने किया। आभार प्रदर्शन श्रीराम राठौर (बेकरी) एवं मुकेश राठौर सर ने किया। बैठक के सफल आयोजन में मनीष राठौर (जीजा), डॉ. कांतिलाल राठौर, सुभाष राठौर (किराना), लखन राठौर, मुकेश राठौर, अंकित राठौर (टायर्स), अरविंद राठौर, अजय राठौर, संजय राठौर सहित सनावद तहसील के अनेक समाजजनों का विशेष सहयोग रहा।

## नर्मदा पूजन के बाद तीर्थयात्रियों का जत्था अमरनाथ के लिए रवाना



**मंडलेश्वर, निप्र ।** शिव भक्तों का एक दल रविवार को सुबह अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना हुआ दल में 45 श्रद्धालू शामिल है यात्रा में शामिल बाबा जालेश्वर के भक्त दीपक सिंह तोमर ने बताया की यह दल बाबा अमरनाथ के दर्शन के बाद वैष्णो देवी, मथुरा वृंदावन, मेंहदीपुर बालाजी, सांवरिया सेठ, खाटू श्याम, उज्जैन महांकाल के बाद ओंकारेश्वर दर्शन कर यात्रा का समापन करेगा यह यात्रा 15 दिन में पूरी होगी इस जत्थे में यात्रा संयोजक मनोज शर्मा, पार्षद नितिन पाटीदार यात्रा प्रभारी ललित पाटीदार, राकेश सडवा, बबलू वर्मा, राकेश प्रजापत विनोद केवट राधेश्याम सिसोदिया दिलीप तवर विक्की पाटीदार शामिल है। दल के सदस्यों ने नर्मदा पूजन किया इसके बाद उन्हें नवलपुरा से परिजनों ने शुभकामनाओ के साथ रवाना किया।

## शाहबाद मोहल्ले में बना शिव मंदिर विधि विधान से पूजनकर की स्थापना

**कसरावद, निप्र ।** नगर के शाहाबाद मोहल्ले के रहवासियों की काफी लंबे समय से इच्छा थी कि मोहल्ले में भगवान शिव जी का मंदिर हो। मोहल्लेवासियों की इस इच्छा को देखते हुए पूर्व पार्षद प्रतिनिधि नवीन बारचे ने मोहल्ले में स्थित प्राचीन कुएं के पास बने कमरे का जीर्णोद्धार कर उसमें फर्श लगाकर उसे मंदिर का स्वरूप प्रदान किया। कमरे का जीर्णोद्धार होते ही मोहल्ले की महिलाओं ने स्वय आपस में राशि एकत्रित कर भगवान शिव जी एवं भगवान श्री गणेश सहित नदी जी की मुर्तिया लाकर विराजित की। मोहल्ले के मंदिर में भगवान शिव की प्राण प्रतिष्ठा की गई। यजमान स्वाति नवीन बारचे ने सपरिवार पूजन कर भगवान



की प्रतिष्ठा की। प नरेंद्र नेगी ने विधि विधान के साथ भगवान शिव एवं भगवान श्री गणेश जी की स्थापना कराई। महिलाओं ने भजन कीर्तन कर भगवान का पूजन किया।

**मोहल्ले में उत्साह का माहौल:-** शादबाद मोहल्ला नगर का मध्य स्थित होकर धार्मिक गतिविधियों का केंद्र है। मोहल्ले में भगवान श्री हनुमान जी का मंदिर होने के साथ दिगम्बर जैन मंदिर स्थिति है। वही वर्षों पुरानी गाड़े खींचने की परम्परा भी मोहल्ले में निभाई जाती हैं। ऐसे में शिव परिवार का मंदिर बनने से मोहल्ले में उत्साह है।

## इस बार अभियान में 23901 बच्चों को पोलियों की खुराक पिलाने का लक्ष्य

**मंडलेश्वर, निप्र ।** भारत से पोलियो को भगाने के सफल अभियान में मेडिकल विभाग और जनता के साथ सरकार की भी सक्रिय भूमिका रही है उसी का परिणाम है पोलियो मुक्त भारत आज भारत में पोलियो के विरुद्ध जो जनजागरण चल रहा है वह एक बेहद संवेदनशील देश की सक्रिय और कर्मठ कार्यप्रणाली का उदाहरण है 2011से भारत में पोलियो के मामले नही है लेकिन एहतियात बरतना भी जरूरी है क्योंकि पड़ोसी देश पाकिस्तान में पोलियो है। रविवार को अभियान के तहत मंडलेश्वर बस स्टैंड पर बनाए गए पोलियो बूथ पर विधायक राजकुमार मेव ने एक बालक को दो बून्द जिंदगी की पिलाई और बालक को गोद में उठाकर विक्ट्री साइन बनाते हुए संदेश दिया की हम पोलियो के विरुद्ध हमेशा



तैयार है। इसके बाद नगर के प्रथम नागरिक नगर परिषद मंडलेश्वर के अध्यक्ष विश्वदीप मोयदे ने भी बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाई। बस स्टैंड पोलियो बूथ पर स्टॉफ उपस्थित रहा। डॉ ने बताया की 2025 में ब्लॉक में 95 प्रतिशत बच्चों को पोलियो की खुराक दी गई थी। इस बार अभियान में 23901बच्चों को पोलियो खुराक पिलाने का लक्ष है। डॉ ने बताया की इस बार नगर के 15 वार्डो के अतिरिक्त एक बूथ बस स्टैंड पर एक हॉस्पिटल में और एक ग्राम ठनगांव में बनाया गया है सोमवार और मंगलवार को पोलियो टीम घर घर जाकर बच्चों को पोलियो खुराक देगी।

## एक नजर में

### लायंस क्लब खरगोन की नई कार्यकारिणी ने बड़वाह में ली शपथ

### समाजसेवी अत्रे ने लगातार दूसरी बार अध्यक्ष पद की शपथ ली

नवभारत न्यूज

**खरगोन, निप्र ।** लायंस क्लब डिस्ट्रिक्ट 3233 जी-1 का प्री-रीजन क्लब ऑफिसर मीट एवं संस्थापन समारोह विगत दिवस बड़वाह में आयोजित किया गया। समारोह में लायंस क्लब खरगोन सिटी की नवीन कार्यकारिणी का शपथ विधि समारोह भी आयोजित किया गया।

समारोह में इस दौरान रीजन 6 के रीजन चेयरपर्सन लायन डॉ. संजय गुप्ता ने क्लब के सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने अपने-अपने पदों की गरिमा बनाए रखने और क्लब के उद्देश्यों के प्रति समर्पण का संकल्प दिलाया। समारोह में सक्रिय समाजसेवी होने के साथ



एक प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान के संचालक उज्वल अत्रे ने लगातार दूसरी बार अध्यक्ष पद की शपथ ली। समारोह के मुख्य अतिथि लायंस इंटरनेशनल डायरेक्टर इंड्रोसी कुलभूषण मित्तल थे। विशेष अतिथि डिस्ट्रिक्ट कैबिनेट सेक्रेटरी अनिल मोदी, जीइटी डॉ. विजय अग्रवाल, जीएसटी डॉ. लायन जयप्रकाश चौहान थे।

जहां मुख्य अतिथि मित्तल ने भगवान गणेश को साक्षी मानकर सभी को गणेश जी की मूर्तियां प्रदान कर रीजन 6 के अंतर्गत आने वाले क्लब पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। समारोह में खरगोन, राजपुर, सनावद, बड़वाह, बेडिया, झिरनिया, पंधानिया, पिपलिया के पदाधिकारियों ने शपथ ली। अध्यक्ष पद की शपथ के दौरान अत्रे ने कहा कि कहा कि जिंदगी में जिम्मे दारियां हर किसी के हिस्से में आती हैं।

आज हमें जो जिम्मेदारी मिली है, वह हमें समाज से जोड़ती है। मेरा प्रयास रहेगा की कार्य कारिणी आगामी वर्ष में विभिन्न सामाजिक कार्यों, जैसे स्वास्थ्य शिविरए शिक्षा सहायता और पर्यावरण संरक्षण सहित सामाजिक सरोकार के प्रकल्पों को आगे बढ़ाते हुए क्लब के सामाजिक उत्थान के संकल्प को पूरा करने का प्रयास करेगी।

## सिद्धनाथ मंदिर बूथ पर सूनी मन की बात



**खरगोन, निप्र ।** विधानसभा के पश्चिम मंडल के बूथ क्रमांक 96 सिद्धनाथ मंदिर पर रविवार को मन की बात कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय कार्यकर्ता और नागरिक एकत्रित हुए और प्रधानमंत्री के मासिक रेडियो कार्यक्रम को सुना। कार्यक्रम के दौरान देश के विभिन्न मुद्दों, जैसे स्वच्छता, जल संरक्षण, आत्मनिर्भरता और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने पर प्रधानमंत्री के विचार और संदेश को सभी ने ध्यानपूर्वक सुना। खरगोन पश्चिम मंडल प्रभारी दिलीप जोशी ने बताया बूथ पर मन की बात भारतीय जनता पार्टी द्वारा शुरू किया गया एक व्यापक जन-सम्पर्क अभियान है। बूथ क्रमांक 96 पर आयोजित इस कार्यक्रम में गोविंद भावसार, मधु भावसार, डॉ. मोहन भावसार, सुरेश भावसार, हरिश गोस्वामी आदि लोगों को सीधे प्रधानमंत्री के विचारों से जुडने और देशव्यापी संवाद का हिस्सा बनने का अवसर मिला।